






## एक नजर में

### पुरानी नगरपालिका में बामनिया ने किया ध्वजारोहण



**नीमच।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीमच नगरपालिका द्वारा बंगला न. 60,पुरानी नगरपालिका स्थित परिषद हाल के यहां भी प्रतिवर्षानुसार ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर कार्यालय अधीक्षक कन्हैयालाल शर्मा, लेखाधिकारी जमनालाल पाटीदार, उपयंत्री अपर्णा गिरी, अरविंद सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक, टेकचंद बुनकर, के.के. व्यास, श्री रामचंद्र सिंदल, अब्दुल नईम, सुनील जोशी सहित बड़ी संख्या में नगरपालिका कर्मचारी व उपस्थित थे।

### स्वाति चौपड़ा ने शहीदों को नमन् कर शहीद स्मारक पर किया ध्वजारोहण

**नीमच।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरपालिका



परिषद नीमच द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान मंदिर के समीप स्थित शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमतीदुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना कर्णसिंह परमाल, नपा सभापतिगण, पार्षदगण, नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा गणमान्यजनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पहले नपाध्यक्ष चौपड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया. नपा उपाध्यक्ष श्रीमती परमाल व अन्य उपस्थितजनों ने शहीद स्मारक परिसर में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया व शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन् किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरपालिका के जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### विक्रम सीमेंट एवं संबद्ध विद्यालयों ने देशभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**खोर।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह विक्रम सीमेंट, आ.बि.हा.से. स्कूल



एवं आ.बि.पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप में पूरी गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया। विक्रम सीमेंट स्टाफ कॉलोनी स्थित डोम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री आवासा मिश्रा ( ज्वाइंट प्रेसीडेंट विक्रम सीमेंट वर्क्स एवं चैयरमैन आदित्य बिडला स्कूल्स) ने ध्वजारोहण किया। विक्रम सीमेंट के सुरक्षा दस्ते द्वारा शानदार परेड प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी गई। कार्यक्रम की विशेष अतिथि ममता मिश्रा (अध्यक्षा राजश्री महिला मंडल) थी। इस अवसर पर विक्रम सीमेंट के भूपेन्द्र सिंह (एफ.एच.एच.आर.पी. एण्ड ए. एवं सचिव आदित्य बिडला स्कूल्स), राजीव अग्रवाल (एफ.एच. फाइनेंस एण्ड कंट्रोल), अक्षय कुमार जैन (एफ.एच.टैक्निकल) भूपेन्द्र खोरपिया (एफ.एच.माइन्स) भी उपस्थित थे। सुश्री रिंकू बनर्जी प्राचार्या आ.बि.हा.से. स्कूल, प्रियदर्शनी चौहान प्राचार्या आ.बि.पब्लिक स्कूल एवं नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक षुभकामनाएँ दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देष भक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया और समारोह स्थल को देष भक्ति की भावना के रंग में रंग दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रषंसा की। मुख्य अतिथि महोदय श्री आवासा मिश्रा के कर कमलों द्वारा दोनों विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों, और विक्रम सीमेंट संयंत्र में श्रेष्ठ प्रदर्षन करने वाले कर्मचारियों को नगद राशि, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों की इन शानदार उपलब्धियों पर बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाष डालते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के निर्माण में वर्तमान युवा पीढ़ी अपना सक्रिय योगदान दे सकती है। इसके लिए आवष्यक है कि देष के विद्यार्थी षिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर भारत का नाम रोषान करें। उन्होंने सभी को अपने-अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करते रहने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने विक्रम सीमेंट के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण अंचल में षिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भरता हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया। अन्त में आभार प्रदर्षन व मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम सुश्री रिंकू बनर्जी प्राचार्या आदित्य बिडला हायर सेकेंडरी स्कूल एवं श्रीमती प्रियदर्शनी चौहान प्राचार्या आदित्य बिडला पब्लिक स्कूल के कुषाल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### कलेक्टर निवास पर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को कलेक्टर निवास पर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया। पुलिस जवानों की टुकडी ने गार्ड आफ ऑनर दिया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### खाद्य एवं औषधी प्रशासन ने की कुकडेश्वर में कार्रवाई, खाद्य पदार्थो के 4 नमूने लिए

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एसडीएम मनासा श्रीमती किरण आंजना के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधी प्रशासन तथा तहसीलदार कुकड़ेश्वर की टीम द्वारा शुक्रवार को नवकार किराना नमकीन एंड स्वीट्स कुकडेश्वर का आकस्मिक निरीक्षण कर, मौके पर भंडारित एवं विक्रय के लिए उपलब्ध खाद्य पदार्थों नुक्ति, बेसन, सोयाबीन तेल, मूंगफली फिल्टर तेल के कुल 4 नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी सचिव द्वारा एक साल पहले बने गेट को कमिशन के लिए तोड़ गेट को वाच टावर के रूप में बनाया जा रहा

**नवभारत न्यूज़**

**नीमच.** मालवा की सबसे बड़ी क़ृषि उपज मंडी नीमच में अभी हाल में हाईवे की और के एंट्री गेट जो पहले लोहे के एंगल पाइप से बनाया गया था, उस को खोल कर उसके ऊपर वाच टावर का निर्माण किया जा रहा है, जो चौकीदारी के रूप में काम आएगा, इस वाच टावर में अनुमानित चालीस लाख का ख़र्च आएगा ,जबकि मंडी में आने वाले किसानो व अन्य व्यक्तियों का कहना है की उक्त नये गेट की कोई आवश्यकता नहीं है ,मंडी में वर्तमान में नीमच जिले व बाहर से आने वालो किसानो की समस्याओं से सचिव का एवं मंडी प्रशासन का कोई लेना-देना नहीं है किसने की सुविधा के लिए न रेस्ट हाउस है, नहीं पीने की पानी की उचित व्यवस्था,जो मंडी किसानों के कारण विश्व प्रसिद्ध है, उन्ही किसानों के लिए मंडी प्रशासन द्वारा किसानों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, किसान घर से भोजन लेकर आए तो उनका बैठकर खाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, मंडी प्रशासन द्वारा करोड़ों की बिल्डिंग बना दी गई है,और




टावर बनने के पहले

बिल्डिंग भी एक नहीं दो नहीं तीन-तीन बड़ी-बड़ी विशाल बिल्डिंग बनाई गई है इन बड़े-बड़े कार्यालय में बैठने के लिए कर्मचारी नहीं है फिर भी मंडी सचिव द्वारा लाखों रुपए बर्बाद किया जा रहे हैं इसके पीछे उनकी मंशा क्या है? लेकिन मूलभूत सुविधा अभी भी मुंहबाये खड़ी है,लहसन मंडी में आढ़त खुलम खुला चलती है,जिसमे मंडी प्रशासन की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है,जिसमे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है, अर्थहीन वाच टावर जो बनाया जा रहा है मंडी? मे सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपए के कैमरे लगाए गए हैं ,जिनके बिल तो उच्च क्वालिटी के है लेकिन कैमरे निम्न क्वालिटी के हैं, अगर इनकी जांच की जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी,

लहसन मंडी शेड के पास जानवरों जैसी किसानों के लिए पिने के पानी की व्यवस्था है ,सुलभ शौचालय मैं गंदगी का बसेरा है, शोच के लिए किसान इधर से उधर भटकता रहता है, बात-बात पर अपनी फोटो अपलोड करने वाले सचिव महोदय कभी शौचालय के अंदर खड़े होकर अपना फोटो अपलोड करें,, रोड किनारे सिर्फ एक प्लास्टिक की टंकी रख रखी है जिसमे अक्सर पानी नही मिलता है,किसानो को रात में रुकने पर कोइ समुचित व्यवस्था नही है ,भोजन हेतु बाहर जा ना पड़ता है,जिसमे उपज के पास किसी व्यक्ति को छोड़कर जाना पड़ता है, चोरी का डर बना रहता है ,

उक्त विषय पर किसान नवीन किलोरिया से बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया नये गेट को हटाने में मंडी प्रशासन की सोची समझी आर्थिक़ लाभ कमाने की योजना है,जिसमे गेट से जो लोहा निकला है उसका स्क्रब आगे भंगार के रूप में छोटी सी विज्ञप्ति निकाल कर अपने लाभ के लिए अपने लोगों को दे दिया जायेगा ,नए गेट निर्माण में जो भी ठेकेदार आएगा वह बनाने तक, बिल पास करने, टेंडर देने के एवज में आर्थिक लाभ की आशंका लग रही है ।जबकि उक्त गेट की कोई उपयोगिता नही लग रही है बिना वजह से फिजूलखर्ची की जा रही है ,जबकि इस पैसे से मंडी में किसानो की सुविधा हेतु अनेको कार्य किये जा सकते है, में अक्सर मंडी में आता रहता हु पर किसानो के सुविधा हेतु कोइ भी ढंग की सही व्यवस्था नही है मंडी के हमालो की इतनी दादा गिरी है की बिना पैसे लिए कोइ उपज नही तोलते है शिकायत करो तो कोइ सुनवाई नही होती है वर्तमान में जो गेट बनाने के उस पैसे से किसानो की सुविधा पर धयान दे ज्यादा सही होगा.

**-दिलीप धाकड़ कोचवा**

मंडी में हाईवे की और के गेट को हटा कर वॉच टावर के रूप में बनाया जा रहा है यह पूर्ण रूप से



कंट्रोल रूम की तरह काम करेगा गोपनीय कैमरे रहेंगे जो आगे हाईवे तक निगरानी करेंगे हाईवे के आगे बिजनेस एग्रो माल आना है उसमे सुरक्षा में काम आएगा किसानो की सुविधा हेतु व्यापरियो व मंडी समिति दुवारा नए सात आठ वाटर कूलर लगाये जा रहें जो पिने के पानी की समस्या हल कर देंगे.

**-उमेश शर्मा, बसेडिया मंडी सचिव, नीमच**

### रोटरी कैन्ट ने ग्वालटोली स्कूल में किया झंडावंदन




**नीमच।** रोटरी क्लब नीमच कैन्ट द्वारा गोद लिए गए शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्वालटोली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को क्लब द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।साथ ही पूर्व मंडलाध्यक्ष गजेन्द्र नारंग द्वारा उपलब्ध कराई गई उच्च गुणवत्ता की चॉकलेट एवं बिस्किट भी बच्चों को वितरित किए गए। विद्यालय स्टॉफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रोटरी कैन्ट के इस प्रयास को अभिनव पहल बताते हुए स्वागत योग्य कदम बताया।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष आशीष दरक, सचिव विशाल जैन, कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार सहित रोटेरियन सदस्य सुरेश सैनी, तरुण बाहेती, चंचल बाहेती, मुकेश बाहेती, दीपक शर्मा, घनश्याम पाटीदार, भारत अहीर, अनिल महेश्वरी, ओम काबरा, अमृत जलवानिया, मितेश मंडोवरा, संदेश मंडोवरा, दीपक नौलखा, कविश छाबड़ा, प्रदीप ओसवाल, निर्मल दरक, सुनील गोयल, अजीत रंगनेकर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सदैव पीड़ित मानवता की सेवा शिक्षा समाज विकास के क्षेत्र में सेवा के नए आयाम स्थापित करेगा।



## कुटुम्ब न्यायालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वंतत्रता दिवस

***प्रधान न्यायाधीश कुलदीप जैन ने किया ध्वजारोहण***

**नीमच।** देश मे सभी को न्याय मिले और शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिले इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है और हमे इसे बखूबी निभाना चाहिए । उक्त बात प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय नीमच द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नीमच के पुराने न्यायालय परिसर में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कही, आपने कहा कि देश की आजादी में जिन वीर सपूतों ने अपना बलिदान दिया उन्हें हमे नही भूलना चाहिए और एकजुटता के साथ देश के प्रति पूर्ण निष्ठा रखना चाहिए। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष मनीष जोशी ने कहा कि आजादी सही अर्थों में तभी सार्थक होगी जब वंचितों व पिछड़ों को न्याय मिलेगा, आपने कहा कि आज भी गरीब व कमजोर तबके के लोग अपने हक व सम्मान के लिए संघर्षरत है, उन्हें अपना हक मिले इसके लिए सरकारों को ध्यान देना होगा। संघ के सचिव देवेन्द्र कैथवास ने कहा कि देश आजादी में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज भी हमे देश सेवा में सदैव आगे रहना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश द्वारा झंडावंदन के साथ हुआ, इस अवसर पर अधिवक्ता मनोज प्रजापति द्वारा शानदार देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया, एडवोकेट राजेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा भी माँ भादवामाता का गीत प्रस्तुत किया। संचालन राहुल बाबूजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे ।

## स्वाति चौपड़ा ने नपा कार्यालय में फहराया तिरंगा

**नीमच। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ नगरपालिका परिषद नीमच द्वारा उत्साह के साथ मनायी गयी। नगरपालिका कार्यालय सहित नगरपालिका के सभी शासकीय भवनों व प्रमुख चौराहो पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई एवं शहर के प्रमुख चौराहों, बगीचों व महापुरूषों की प्रतिमाओं को तिरंगों से सज्जित किया गया। 15 अगस्त को नगरपालिका कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, नपा के सभापतिगण, पार्षदगण, नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती चौपड़ा सीएमओ श्रीमती बामनिया ने रंगबिरंगे गुब्बारे भी आकाश में छोड़े।**



ध्वजारोहण के अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश को आजादी देशभक्त शहीदों व महापुरूषों के बलिदान से मिली है। हमें देश के वीर शहीदों व महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र उत्थान में सहयोगी बनना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी श्री संतोष चोपड़ा,अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेश सिंहल, नपा सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना जायसवाल, पार्षदगण श्री रामचंद्र धनगर, दुर्गाशंकर भील, जिनेन्द्र मेहता, रूपेंद्र लोक्स, अरुण प्रजापत, वीरेंद्र पाटीदार, कमल शर्मा, योगेश कविश्वर, शशि कल्याणी, विष्णु राठौर,विनीत पाटनी, श्री चंदू तलरैजा, श्रीमती अरुणा तलरेजा, लक्ष्मी प्रेमाणी, कृष्णा मेहरा सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी व अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## नीमच में पौधारोपण कर, ग्रीन बेल्ट विकसित करने की पहल अच्छी है : कलेक्टर

***नीमच के ग्रीन बेल्ट में किया पौधारोपण***



**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कर, ग्रीन बेल्ट को विकसित करने की अच्छी पहल प्रारंभ की गई है। क्षेत्र के और भी ग्रीन बेल्ट को विकसित किया जाना चाहिए। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट में उद्योग संघ, उद्योग विभाग एवं नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप द्वारा संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसडीएम श्री संजीव साहू, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर, उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री अशोक चौरडिया, नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप के श्री विवेक खण्डेलवाल, श्री मुकेश कदम, श्री हरिश दुआ सहित उद्योग संघ के पदाधिकारी उद्योगपति एवं एनएसएसजी ग्रुप के सदस्यगणों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम को एसडीएम श्री संजीव साहू एवं श्री विवेक खण्डेलवाल ने भी संबोधित किया।स्व.श्रीजीवनभाई दुआ की स्मृति में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रीन बेल्ट में उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे रौपे।

प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती योगिता भटनागर, सर्वश्री विवेक खण्डेलवाल,मुकेश, खण्डेलवाल, मनोज दुआ, अशोक पोरवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बीना चौधरी ने किया तथा अंत में श्रीमती योगिता भटनागर ने आभार माना।

**एक नजर** | **जिला अस्पताल में कलेक्टर द्वारा टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट वितरित**

## कलेक्टर ने निक्षय मित्र के रूप में टी.बी.मरीजों को उपलब्ध कराई 50 फूड बास्केट

**नीमच। टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर, अपनी ओर से जिले के 50 टी.बी.रोगियों को फूड बास्केट उपलब्ध कराई है। उन्होने स्वतंत्रता दिवस पर जिला अस्पताल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में टी.बी.रोगियों को अपने हाथों से फूड बास्केट प्रदान की। इस अवसर पर कलेक्टर ने टी.बी.रोगियों से संवाद करते हुए कहा, कि इस रोग से मुक्त होने के प्रयासों में हम सभी आपके साथ है। हम सभी का यह प्रयास है, कि टी.बी.मरीज समय पर दवाईयों का सेवन करें। अच्छा पोषण, आहार ले और रोग के संक्रमण को किसी अन्य तक फैलने ना दें। कलेक्टर ने उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दी।**

डॉ.मनीष यादव ने निक्षय अभियान की प्रगति से अवगत कराते हुए कहा,कि अब तक जिले में एक लाख 34 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। जिले में 1100 टी.बी.मरीजो का निरंतर उपचार किया जा रहा है। 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत 1210 एवं अब तक कुल 3 हजार फूड बास्केट वितरित की गई है। जिले में कुल 30 हजार एक्सरे किए जा चुके है। निक्षय अभियान के तहत 12 हजार एक्सरे किए गए है। टी.बी.पॉजीटीव सभी मरीजों को डीबीटी के माध्यम से तीन-तीन हजार रूपये की दो-दो किश्तों का भुगतान किया जा चुका है।



### अस्थि वार्ड में मरीजों एवं उनके परिजनों से की चर्चा

कलेक्टर चंद्रा ने जिला अस्पताल के अस्थि रोग वार्ड का निरीक्षण कर, वहाँ भर्ती मरीजों से चर्चा कर, उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होने भंवरासा सांदे पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में घायल दो मरीजों के परिजनों से भेटकर, घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भंवरासा सांदे पर सड़क दुर्घटना का कारण स्पीड़ ब्रेकर नहीं होना बताते हुए स्पीड ब्रेकर निर्माण करवाने की मांग भी कलेक्टर से की। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए, कि वे सड़क दुघर्टना में घायल होकर भर्ती होने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से ब्लेक स्पॉट के बारे में जानकारी संकलित कर, अवगत कराए। जिससे, कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य करवाए जा सकें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिल, डॉ.मनीष यादव सहित जिला चिकित्सालय का स्टॉफ एवं मरीज उपस्थित थे।